# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 24-5-23 | 1 | 2-5 |

# डा. सुरेंद्र धनखड़ करेंगे एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व

- जून में होगी वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली पर कार्यशाला
- एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दी बधाई

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में अगले माह होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डा. सुरेंद्र सिंह धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने डा. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को बधाई दी।



कुलपति प्रो बीआर काम्बोज डा. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को सम्मानित करते हुए। • पीआरओ

कुलपति ने कहा कि यह भारत के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा हरियाणा राज्य व एचएयू संस्थान के लिए भी यह बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि डा. सुरेंद्र धनखड़ कृषि मौसम विज्ञान से संबंधित कृषि सूखा निगरानी प्रणाली, दृष्टिकोण, प्रभावों, संभव कृषि घाटा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियों के मूल्यांकन के लिए अपना योगदान देंगे।

डा. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को हाल ही में स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन की नव सुधार आयोग आधारित कृषि की स्थायी समिति में कृषि मौसम विज्ञान विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। तीन दशकों से वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत डा. सुरेंद्र सिंह इंटरनेशनल सेंटर फार ट्रॉपिकल फिजिक्स, इटली, थर्ड वर्ल्ड एकेडमी आफ साइंस के तहत ब्राजील व यूरेशिया पैसेफिक यूनिनेट के तहत ऑस्ट्रिया में विजिटिंग साइंटिस्ट भी रहे। इसके अलावा वे मानव संसाधन मंत्रालय के स्पार्क प्रोजेक्ट में बतौर प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर कार्यरत हैं। डा. धनखड़ कृषि मौसम वैज्ञानिकों के प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ एग्रोमेटीरोलॉजी के प्रबंध संपादक भी रह चुके हैं। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा व अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा ने भी डा. धनखड़ को बधाई दी।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25-5-23 | 4 | 1-3 |

# डॉ. धनखड़ विश्व मौसम संगठन की कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे

हिसार, 23 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

विश्व मौसम संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ का स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर आयोजित लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित होना भारत देश के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा हरियाणा राज्य व हकृवि संस्थान के लिए भी यह बड़े हर्ष का विषय है।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को सम्मानित करते हुए।*

उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र धनखड़ कृषि मौसम विज्ञान से संबंधित कृषि सूखा निगरानी प्रणाली, दृष्टिकोण, प्रभावों, संभव कृषि घाटा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियों के मूल्यांकन के लिए अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोग में चयन के लिए उनका नाम भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस आयोग में चयनित होने वाले डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों से एकमात्र कृषि मौसम विज्ञानी हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24-5-23 | 4 | 3-5 |

# डॉ. सुरेंद्र विश्व मौसम संगठन की कार्यशाला में करेंगे एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व

## वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली पर ल्युबल्याना में होगी कार्यशाला

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ विश्व मौसम संगठन की कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने उन्हें बधाई दी। डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ इंटरनेशनल सेंटर फॉर ट्रॉपिकल फिजिक्स, इटली, थर्ड वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंस के तहत ब्राजील व यूरेशिया पैसेफिक यूनिनेट के तहत ऑस्ट्रिया में विजिटिंग साइंटिस्ट भी रहे हैं।



एचएयू में डॉ. सुरेंद्र सिंह को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25-5-23 | 5 | 6-8 |


## हकृवि के डॉ. सुरेंद्र धनखड़ विश्व मौसम संगठन की कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे

हिसार, 23 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ का स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर आयोजित लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित होना भारत देश के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा हरियाणा राज्य व एचएयू संस्थान के लिए भी यह बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र धनखड़ कृषि मौसम विज्ञान से संबंधित कृषि सूखा निगरानी प्रणाली, दृष्टिकोण, प्रभावों, संभव कृषि घाटा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियों के मूल्यांकन के लिए अपना योगदान देंगे। वे विश्व स्तर पर एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन के इस तकनीकी आयोग का उद्देश्य सभी उपयोगकर्ता, समुदायों और समाज द्वारा सामाजिक, आर्थिक लाभों की सूचना देने और निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए विश्व स्तर पर सामंजस्यपूर्ण मौसम, जलवायु, जल, महासागर और पर्यावरण से संबंधित सेवाओं व अनुप्रयोगों के विकास तथा कार्यान्वयन के लिए योगदान करना है। उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को हाल ही में स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन की नव सुधार आयोग आधारित कृषि की स्थायी समिति में कृषि मौसम विज्ञान विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिसका कार्यकाल वर्ष 2024 तक होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोग में चयन के लिए उनका नाम भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-5-23 | 5 | 7-8 |

## विश्व कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. सुरेंद्र धनखड़



**हिसार** | हकृवि के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया है। विश्व मौसम संगठन की तरफ से आयोजित कार्यशाला में डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को सम्मानित किया। कुलपति ने कहा डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ का स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर आयोजित लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित होना भारत देश के लिए गौरव की बात है। डॉ. धनखड़ कृषि मौसम विज्ञान से संबंधित कृषि सूखा निगरानी प्रणाली, दृष्टिकोण, प्रभावों, संभव कृषि घाटा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियों के मूल्यांकन के लिए अपना योगदान देंगे। वे विश्व स्तर पर एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने भी डॉ. धनखड़ को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 23.05.2023 | | |

## हकृवि के डॉ. सुरेंद्र धनखड़ विश्व मौसम संगठन की कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 23 मई।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ का स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर आयोजित लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित होना भारत देश के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा हरियाणा राज्य व एचएयू संस्थान के लिए भी यह बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र धनखड़ कृषि मौसम विज्ञान से संबंधित कृषि सूखा निगरानी प्रणाली, दृष्टिकोण, प्रभावों, संभव कृषि घाटा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियों के मूल्यांकन के लिए अपना योगदान देंगे। वे विश्व स्तर पर एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन के इस तकनीकी आयोग का उद्देश्य सभी उपयोगकर्ता, समुदायों और समाज द्वारा सामाजिक, आर्थिक लाभों की सूचना देने और निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए विश्व स्तर पर सामंजस्यपूर्ण मौसम, जलवायु, जल, महासागर और पर्यावरण से संबंधित सेवाओं व अनुप्रयोगों के विकास तथा कार्यान्वयन के लिए योगदान करना है। उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को हाल ही में स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन की नव सुधार आयोग आधारित कृषि की स्थायी समिति में कृषि मौसम विज्ञान विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिसका कार्यकाल वर्ष 2024 तक होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोग में चयन के लिए उनका नाम भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित



किया गया था। इस आयोग में चयनित होने वाले डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों से एकमात्र कृषि मौसम विज्ञानी हैं। उन्होंने बताया कि लगभग तीन दशकों से वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ इंटरनेशनल सेंटर फॉर ट्रॉपिकल फिजिक्स, इटली, थर्ड वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंस के तहत ब्राजील व यूरेशिया पैसेफिक यूनिनेट के तहत ऑस्ट्रिया में विजिटिंग साइंटिस्ट भी रहे, इसके अलावा वे मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के स्पार्क प्रोजेक्ट जोकि स्विट्जरलैंड के सहयोग से चलाया जा रहा है, बतौर प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर कार्यरत हैं। डॉ. धनखड़ कृषि मौसम वैज्ञानिकों के प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ एग्रोमेटीरोलॉजी के प्रबंध संपादक भी रह चुके हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने भी डॉ. धनखड़ को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 23.05.2023 | | |


# डॉ. धनखड़ कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली कार्यशाला में एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में जून माह में होने वाली वैश्विक कृषि सूखा वर्गीकरण प्रणाली विषय पर लेखन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. धनखड़ एशिया महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ को बधाई दी। डॉ. धनखड़ को हाल ही में स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन की नव सुधार आयोग आधारित कृषि की स्थायी समिति में कृषि मौसम विज्ञान विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिसका कार्यकाल वर्ष 2024 तक होगा। इस आयोग में चयन के लिए उनका नाम भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस आयोग में चयनित होने वाले डॉ. सुरेंद्र सिंह धनखड़ देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों से एकमात्र कृषि मौसम विज्ञानी हैं।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 24-5-23 | 1 | 5-8 |

## अब कार्य करने में सुविधा के साथ होगी समय की बचत : प्रो. काम्बोज

# हकृवि के प्रशासनिक भवन में नया सम्मेलन कक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। पिछले कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, जिसके तहत विश्वविद्यालय के कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से प्रा कराने के आदेश जारी किए थे।




हिसार। कुलपति ने किया प्रो. बीआर. काम्बोज ने सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए है। अब दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीसी से मीटिंग करने आदि कार्य इस भवन में हो सकेंगे।

### लंबे समय से हो रही थी मांग

कुलसचिव कार्यालय में सम्मेलन कक्ष मनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश दिए थे। वीसी ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इसमें 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। इस नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए है। विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य जैसे विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग करने आदि कार्य करने में प्रशासनिक भवन में स्थित सभी कार्यालयों को सुविधा होगी। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा व शैक्षणिक शाखा प्रभारी अजय आहुजा सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-5-23 | 3 | 1-4 |

# हकृवि के प्रशासनिक भवन को मिला नया सम्मेलन कक्ष

## 30 लाख रुपये की लागत से किया तैयार, 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था, कई कामों में होगा प्रयोग

माई सिटी रिपोर्टर




एचएयू में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। संवाद

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। जिसमें वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित सम्मेलंन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए है। सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से समय की बचत व कार्य निष्पादन तीव्रता से होगा।

सम्मेलन कक्ष का प्रयोग विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करने में भी किया जा सकेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा , शैक्षणिक शाखा प्रभारी अजय आहुजा सहित अन्य मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25-5-23 | 5 | 5-7 |

# हकृवि के प्रशासनिक भवन को मिला नया सम्मेलन कक्ष

## बहुउद्देशीय सम्मेलन कक्ष से कार्य करने में सुविधा व समय की होगी बचत : प्रो. काम्बोज

हिसार, 23 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। पिछले कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, जिसके तहत विश्वविद्यालय के कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए है। साथ ही इस सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से समय की बचत व कार्य निष्पादन तीव्रता से होगा। विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य जैसे विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग करने आदि कार्य करने में प्रशासनिक भवन में स्थित सभी कार्यालयों को सुविधा होगी। इस अवसर पर नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष की सुविधा मिलने पर सभी अधिकारीगणों व कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा सहित विश्वविद्यालय के सभी निदेशकगण व कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा व शैक्षणिक शाखा प्रभारी अजय आहुजा सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।



एचएयू के कुलसचिव कार्यालय में बने नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-5-23 | 4 | 5-6 |

# हकृवि को अब मिला नया सम्मेलन कक्ष




नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन करते कुलपति प्रो बीआर काम्बोज। • पीआरओ

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। पिछले कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, जिसके तहत विश्वविद्यालय के कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। साथ ही इस सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से समय की बचत व कार्य निष्पादन तीव्रता से होगा।

विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य जैसे विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग करने आदि कार्य करने में प्रशासनिक भवन में स्थित सभी कार्यालयों को सुविधा होगी।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा सहित विश्वविद्यालय के सभी निदेशकगण व कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा व शैक्षणिक शाखा प्रभारी अजय आहुजा सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25-5-23 | 2 | 2 |

## हकृवि के प्रशासनिक भवन को मिला नया सम्मेलन कक्ष

हिसार, 23 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। पिछले कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, जिसके तहत विश्वविद्यालय के कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसगित किया गया है, जिसमें वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है।

उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपउ खर्च किए गए है। साथ ही इस सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से समय की बचत व कार्य निष्पादन तीव्रता से होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-5-23 | 4 | 7-8 |

## एचएयू को मिला नया सम्मेलन कक्ष

**हिसार** | एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे। वीसी प्रो. काम्बोज ने बताया कक्ष को वीसी की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया है। 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। करीब 30 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा सहित विवि निदेशक व कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा व अजय आहुजा आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 23.05.2023 | | |


# हकृवि के प्रशासनिक भवन को मिला नया सम्मेलन कक्ष

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलसचिव कार्यालय में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन किया। पिछले कई सालों से कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस सम्मेलन कक्ष की मांग की जा रही थी, जिसके तहत विश्वविद्यालय के कुलपति ने गत दिनों कुलसचिव कार्यालय का दौरा कर शैक्षणिक शाखा में सम्मेलन कक्ष का कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के आदेश जारी किए थे।

कुलपति ने बताया कि इस सम्मेलन कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा से लेकर वातानुकूलित बनाया गया है। इस कक्ष में 40 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। इस नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष को बनाने में आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए गए है। साथ ही इस सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से समय की बचत व कार्य निष्पादन तीव्रता से होगा। विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य जैसे विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिका जांच करने, ट्रेनिंग व वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग करने आदि कार्य करने में प्रशासनिक भवन में स्थित सभी कार्यालयों को सुविधा होगी। इस अवसर पर नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष की सुविधा मिलने पर सभी अधिकारीगणों व कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का धन्यवाद किया।



नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा सहित विश्वविद्यालय के सभी निदेशकगण व कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा व शैक्षणिक शाखा प्रभारी अजय आहुजा सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।